सत्यमेव जयते

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–05 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री संजय कुमार, पिता–स्व॰ तोता पासवान, ग्राम–प्रसस्तडीह, थाना–सबौर, जिला–भागलपुर–813205

बनाम

अवर सचिव–सह–लोक सूचना पदाधिकारी, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद, पटना, बिहार

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
12.01.2023	श्री संजय कुमार, पिता–स्व॰ तोता पासवान, ग्राम–प्रसस्तडीह, थाना–सबौर, जिला–भागलपुर–813205 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक– 05.01.2023 इस कार्यालय में दिनांक–11.01.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का दो पोस्टल ऑर्डर संख्या–59F 948132 दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी श्री संजय कुमार ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–16.11.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी–सह–अवर सचिव, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद को दिया था, परंतु लोक सूचना पदाधिकारी–सह–अवर सचिव, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार–सह–महामहिम राज्यपाल के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक– 16.11.2022 की प्रति भी संलग्न है। विदित हो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत लोक सूचना पदाधिकारी–सह–अवर सचिव, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद के अपीलीय प्राधिकार के रूप में महामहिम राज्यपाल, बिहार Designated नहीं है। अपीलकर्त्ता श्री संजय कुमार ने गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है, अतः इसे अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। 12/1/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	